भ्रष्टाचार | अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की जुगलबंदी से सरकार की मंशा पर फिर रहा पानी

# भ्रष्टाचार का गढ़ बनी करौंदी टोला पंचायत






**चिल्हारी नवभारत 8 जून।** जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत करौंदी टोला इन दिनों विकास के नाम पर विनाश और आकंठ भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। शासकीय धन का ऐसा बेरहम बंदरबांट और नियमों की धज्जियां उडाने का खेल शाय शायद ही कहीं और देखने को मिले। यहां जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत के रसूखदार नुमाइंदे मिलकर शासन की साख को बट्टा लगा रहे हैं। हालात यह है कि जहां जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है, वहीं साहब लोग कागजों पर विकास की गंगा बहाकर अपनी जेबें गर्म करने में मस्त हैं। करौंदी टोला में हुए सिलसिलेवार घोटालों ने अब पूरी पंचायत व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### सिंचाई विभाग की पुलिया पर चलाया हथौड़ा

भ्रष्टाचार की पहली बानगी ग्राम पंचायत करौंदी टोला के छपरा टोला में देखने को मिली। यहां पानी की टंकी के पास सिंचाई विभाग द्वारा जनहित में एक बेहद मजबूत पुलिया का निर्माण कराया गया था, लेकिन पंचायत के कर्णधारों को इस सरकारी संपत्ति में भी अपना स्वार्थ नजर आया। बिना किसी ठोस प्रशासनिक अनुमति के तानाशाही रवैया अपनाते हुए इस शासकीय पुलिया को तुड़वाकर पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया।

### न नदी, न नाला...फिर भी फूंक दिए 3 लाख

करौंदी टोला पंचायत के कारनामे किसी अजूबे से कम नहीं हैं। पंचायत की जादुई इंजीनियरिंग का एक और नमूना डोंगरी टोला स्थित डोडका रोड पर देखा जा सकता है। इस रोड के दोनों तरफ सिर्फ किसानों के खेत हैं, दूर-दूर तक न तो कोई नदी है और न ही कोई बरसाती नाला, लेकिन जब बजट ठिकाने लगाना हो, तो अफसरशाही कुछ भी कर सकती है। यहां 15वें वित्त आयोग की राशि से 3 लाख रुपए की लागत से एक पुलिया बना दी गई, जिसकी धरातल पर रत्ती भर भी जरूरत नहीं थी।

### घटिया ईंट और चोरी की रेत

पंचायत में चल रहे घोटालों की फेहरिस्त यहीं खत्म नहीं होती। वार्ड क्रमांक 10 (छपरा टोला) में आनंदी सिंह के घर के पास एक सामुदायिक रंगमंच का निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन इस निर्माण कार्य को देखकर कोई भी कह सकता है कि यहां तकनीकी मापदंडों का जनाजा निकाला जा चुका है। इस रंगमंच के निर्माण में निहायत ही घटिया दर्जे की लाल ईंटों और अवैध रूप से चोरी की गई रेत का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है।

### इनका कहना है

आए दिन एक्सीडेंट हो रहे थे, इसलिए तुड़वाया गया है।

**गोविंदी प्रजापति**




# मशीनों की गड़गड़ाहट में दबा मजदूरों का हक

▸ 15वें वित्त आयोग की राशि से बनी सीसी सड़क पर उठे पारदर्शिता और गुणवत्ता के सवाल

**डिंडोरी, नवभारत 8 जून।** ग्रामीण विकास योजनाओं का मूल उद्देश्य गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। केंद्र एवं राज्य सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर पंचायतों के माध्यम से विकास कार्य करवा रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर इन योजनाओं की मंशा पर ही सवाल उठने लगे हैं।

ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर से सामने आया है, जहां 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्मित सीसी सड़क को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### स्थानीय मजदूरों को नहीं दिया गया रोजगार

ग्रामीणों के अनुसार सरपंच मोहल्ले में कराए गए सीसी सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने के बजाय मशीनों का व्यापक उपयोग किया गया। आरोप है कि निर्माण कार्य में मशीनों को प्राथमिकता देकर ग्रामीण श्रमिकों के रोजगार अधिकारों की अनदेखी की गई। ऐसे समय में जब शासन ग्रामीण पलायन रोकने और गांवों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, तब इस तरह के आरोप पंचायत स्तर की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।

### पंचायत और तकनीकी अमले की कार्यशैली पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्यों में स्थानीय मजदूरों को अवसर दिया जाए तो उन्हें अपने ही गांव में रोजगार मिल सकता है, लेकिन पंचायत और तकनीकी अमले की कार्यशैली के कारण श्रमिकों को काम से वंचित होना पड़ रहा है। आरोप यह भी है कि कुछ उपयंत्री अपने चहेते मशीन संचालकों को लाभ पहुंचाने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं, जिसके चलते मजदूरों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

### वाइब्रेटर मशीन का नहीं किया गया उपयोग

निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि सड़क निर्माण स्थल पर वाइब्रेटर मशीन तो मौजूद थी, लेकिन उसका उपयोग नहीं किया गया। तकनीकी दृष्टि से वाइब्रेटर का उपयोग कंक्रीट को सघन और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक माना जाता है। यदि इसका उपयोग नहीं किया गया, तो सड़क की गुणवत्ता और दीर्घकालिक टिकाऊपन पर स्वाभाविक रूप से संदेह उत्पन्न होता है।


## एक नजर में



### राज्यपाल के नाम एवं कलेक्टर को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत उमरिया 8 जून।** सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला उमरिया के द्वारा शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में संचालित बी.ए. टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी विषय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में संचालित बी.ए. टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी विषय के लगभग 40 छात्र-छात्राएं गंभीर शैक्षणिक संकट का सामना कर रहे हैं। पूरे शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को नियमित कक्षाएं एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध नहीं कराए गए जिसके कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, लेकिन उक्त विषय के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म तक नहीं भरे जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में भारी चिंता व्याप्त है।

**प्रबंधन ने नहीं उठाया ठोस कदम**-एनएसयूआई ने मांग की है कि बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी विषय के सभी विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म तत्काल भरे जाएं, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। इस अवसर पर एनएसयूआं जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर ने कहा कि लगातार विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रबंधन के समक्ष रखा गया, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया।



### कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चिल्हारी नवभारत 8 जून।** विगत दिनों ग्राम चिल्हारी बरही सिनगोडी विजयराघवगढ़ कटनी सतना मानपुर आदि कई जिलों एवं कई गांवों से श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु नैमीशारण्य तीर्थ क्षेत्र में आज भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा में शामिल हुए।पूर्व से सुनिश्चित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को कलश यात्रा व्यास पूजन महापुराण कथा का महात्म्य दस जून को राजा परीक्षित जन्मोत्सव पाण्डव कथा कुन्ती एवं भीष्म स्तुति बारह भगवान का अवतार आदि की कथा कथा व्यास शास्त्री चन्दभूषण पयासी द्वारा अपने मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा श्रवण कराई जाएगी। नैमीशारण्य तीर्थ स्थल भारत भूमि का सबसे श्रेष्ठ तीर्थ स्थल है। इसी जगह में 88 हजार ऋषि मुनियों ने तपस्या कर भगवान सत्यनारायण कथा एवं श्रीमद्भागवत कथा आदि सभी पुराणों की रचना कर समस्त मानवजाति को कल्याण एवं सदमार्ग का रास्ता दिखाया था।

# बछिया खोजने निकला ग्रामीण गोलीकांड का शिकार

▸ कुएं से बरामद हुई अवैध बंदूक, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत उमरिया 8 जून।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा अमड़ी में हुई गोली लगने की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध देशी भरमार बंदूक से चली गोली के छर्रे लगने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के करीब 17 दिन बाद पुलिस ने आरोपी को दबोचते हुए घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया

जानकारी के अनुसार 21 मई की रात ग्राम खैरा अमड़ी निवासी




नन्हेलाल अगरिया अपनी गाय की बछिया खोजने घर से निकला था। काफी तलाश के बाद वह छपरी हार के जंगल क्षेत्र में पहुंचा। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी और उसके शरीर के कई हिस्सों में छर्रे धंस गए। छर्रे लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

### इलाज कराने का भरोसा दिया और फरार हो गया

घायल ने पुलिस को बताया कि घटना के कुछ ही क्षण बाद गांव का धनिया उर्फ धनीराम यादव हाथ में बंदूक लिए उसके पास पहुंचा। आरोपी ने कहा कि गोली गलती से चल गई और किसी को जानकारी नहीं देने की बात कहते हुए इलाज कराने का भरोसा दिया। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया।

### घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार कराया गया। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के पुलिस ने घायल की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

### लगातार दे रहा था चकमा

आरोपी घटना के बाद से लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। उसकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव लौट आया है।




## अनियंत्रित ऑटो पलटने से 3 यात्री घायल

**शहपुरा नवभारत 8 जून।** सारंगपुर के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। डायल 112 की सहायता से घायलों को शहपुरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से बसंत दास, बैजू सिंह मरावी तथा सहजू सिंह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया।

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू की**-घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ऑटो अनियंत्रित होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

# पहाड़ी हनुमान मंदिर में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ शुरू

▸ आस्था, श्रद्धा एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम है मंदिर

**चिल्हारी नवभारत 8 जून।** ग्राम चिल्हारी स्थित प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। गांव के बस स्टैंड के समीप ऊंची पहाड़ी पर स्थित यह प्राचीन मंदिर धार्मिक महत्व के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है। पहाड़ी की ऊंचाई से आसपास का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं सुकून की अनुभूति होती है।

वर्षों से यह मंदिर ग्रामीणों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का केंद्र बना हुआ है। गांव में कोई भी शुभ कार्य, मांगलिक आयोजन, विवाह, गृह प्रवेश, नए कार्य का शुभारंभ अथवा किसी विशेष अवसर की शुरुआत भगवान हनुमान जी के पूजन-अर्चन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए बिना नहीं की जाती। ग्रामीणों का मानना है कि संकटमोचन हनुमान जी की कृपा



से सभी कार्य सफल होते हैं और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती

### पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा

मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। दूर-दूर से भक्त हनुमान जी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं। धार्मिक आयोजनों के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब जाता है तथा वातावरण जय श्रीराम और जय बजरंगबली के उद्घोष से गुंजायमान हो उठता है। मंगलवार को अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का समापन हवन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा।

### विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया शुभारंभ


मंदिर में पिछले लगभग 50 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को श्रीरामचरितमानस पाठ की परंपरा निरंतर संचालित हो रही है, जो क्षेत्र में धार्मिक जागरण एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है। इसी पावन परंपरा के अंतर्गत वर्ष भर के श्रीरामचरितमानस पाठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया है।

# बाघिन के आक्रामक व्यवहार का वीडियो वायरल

▸ बांधवगढ़ पार्क प्रबंधन ने जारी किए कड़े निर्देश

**चिल्हारी नवभारत 8 जून।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों के दौरान वन्यजीवों को होने वाली परेशानियों और लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पार्क प्रबंधन ने नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

अब सफारी के दौरान वन्यजीवों का मार्ग अवरुद्ध करने, अनावश्यक शोर-शराबा करने, वन्यजीवों का ध्यान आकर्षित करने के लिए आवाजें निकालने तथा सोशल मीडिया के लिए रील और वीडियो बनाने के उद्देश्य से वन्यजीवों को प्रभावित करने वाले पर्यटकों, गाइडों और वाहन चालकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पर्यटन संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।



### सनसनीखेज वीडियो बनाने की प्रवृत्ति बढ़ी

बैठक में उप संचालक योहान कटारा, पर्यटन प्रभारी अंकित सोनी, वन परिक्षेत्र अधिकारी ताला राहुल किरार, गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह तथा जिप्सी एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि हाल के दिनों में सफारी के दौरान नियमों की अनदेखी, वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप और सोशल मीडिया के लिए सनसनीखेज वीडियो बनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है।

### आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बांधवगढ़ की पहचान देश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में होती है और यहां की पर्यटन व्यवस्था तथा संरक्षण प्रयासों की प्रतिष्ठा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि सभी गाइड, नेचुरलिस्ट और वाहन चालक पर्यटन नियमों एवं आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेंगे।




# अवैध खनिज परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

▸ खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई

**डिंडौरी, नवभारत 8 जून।** खनिज विभाग की टीम ने 5 जून को विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सागरटोला, तहसील बजाग अंतर्गत थाना गाड़ासरई क्षेत्र में एक सोनालिका ट्रैक्टर (बिना नंबर) को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक तीजा सिंह परस्ते, पिता पर्वत सिंह, निवासी बरगांव तहसील बजाग के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना गाड़ासरई में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।

### खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की गई

दूसरी कार्रवाई में जॉन डीयर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-18-एबी-5450 को खनिज मुरुम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त किया गया। वाहन चालक नंदकिशोर, निवासी ओरई माल, तहसील डिंडौरी के विरुद्ध भी खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की गई तथा वाहन को थाना कोतवाली डिंडौरी में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कार्रवाई | अवैध शराब कारोबार पर गाड़ासरई पुलिस का प्रहार, आरोपी गिरफ्तार

# 1.10 लाख रुपये की 140 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**डिंडौरी, नवभारत 8 जून।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गाड़ासरई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 140 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं एसडीओपी सतीष कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना गाड़ासरई पुलिस को 7 जून की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोसमडीह में एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री के उद्देश्य से छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव में दबिश देकर घेराबंदी की और संदिग्ध स्थान की तलाशी ली।



### धान के पैरा में छिपाकर रखी थी शराब

तलाशी के दौरान आरोपी के घर के समीप स्थित बाड़ी में धान के पैरा के ढेर के नीचे छिपाकर रखी गई लगभग 140 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर आरोपी नानु उर्फ विवेक परस्तेको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध शराब को लोगों की नजरों से बचाने के लिए पैरा के ढेर में छिपाकर रखता था तथा उसके विक्रय की तैयारी कर रहा था।

### राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी भाजपा के एक प्रभावशाली पदाधिकारी का करीबी रिश्तेदार बताया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में न तो पुलिस प्रशासन और न ही भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है। नवभारत इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है।